कलांजलि रिपोर्ट

केंद्र सरकार के एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तत्वावधान में आज दिनांक 12 अक्टूबर 2023 को महाराजा बिजली राजकीय महाविद्यालय आशियाना लखनऊ में ''कलांजलि '' कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें प्रदेश के दर्जनों महाविद्यालयों के छात्र छात्रों ने प्रतिभाग किया।

उक्त कार्यक्रम का उदघाटन देश के अग्रणी इतिहासकार एवं लेखक रवि भट्ट के द्वारा किया गया, जिन्होंने इस कार्यक्रम के माध्यम से देश की स्वर्णिम संस्कृति को जनमानस के समक्ष प्रस्तुत कर छात्र छात्राओं को जागरूक किये जाने के इस सार्थक प्रयास की प्रशंसा की।

कार्यक्रम की नोडल अधिकारी एवं महाविद्यालय की समारोहिका डॉ सनोबर हैदर ने बताया कि महाविद्यालय में हर वर्ष एक भारत श्रेष्ठ भारत के सम्बन्ध में कार्यक्रमों का आयोजन होता है जिसका उद्देश्य सामजिक समरसता एवं अपनी सांस्कृतिक विरासत को अक्षुण्ण रखना है।

महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ सुमन गुप्ता ने अपने सम्बोधन में मुख्य अतिथि को धन्यवाद ज्ञापित करते हुये महाविद्यालय में आये प्रतिभागियों को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कर उत्साहवर्धन किया। डॉ0 राघवेंद्र मिश्र ने कार्यक्रम का संचालन किया।

इस अवसर पर एक भारत श्रेष्ठ भारत थीम पर महाविद्यालय में आयोजित रंगोली, मेहँदी , टैटू मेकिंग , मोनो एक्टिंग , काव्य पाठ , लोकगीत एवं समूह नृत्य जैसी प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया जिसमें नवयुग कन्या डिग्री कॉलेज एवं महाराजा बिजली पासी राजकीय महाविद्यालय को संयुक्त रूप से सर्वश्रेष्ठ टीम का पुरस्कार मिला।

इस अवसर पर महाविद्यालय के ई0बी0एस0बी0 क्लब के सदस्य डॉ० रश्मि यादव , डॉ0 सरिता सिंह, डॉ0 मधुमिता गुप्ता, डॉ0 श्वेता मिश्रा एवं अन्य शिक्षक एवं कर्मचारिगणों ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में अपना योगदान दिया।

महाराजा बिजली पासी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय आशियाना, लखनऊ
आपका हार्दिक स्वागत करता है
महाराजा बिजली पासी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय

जली पासी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्याल
आशियाना, लखनऊ

एक भारत
श्रेष्ठ भारत

बिजली पासी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय आशियाना, लखनऊ
पका हार्दिक स्वागत करता है
महाराजा बिजली पासी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
कलांजलि-2023
मुख्य अतिथि
ी रवि भट्ट

आपका हार्दिक स्वागत करत
महाराजा बिज
तकोत्तर महाविद्यालय
कलाज
मुख्य अति
भट्ट
दिनांक
फेसर सुमन गुप्ता
(EBSB)